**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकार प्रदेश की नदियों और जलाशयों के किनारे नई हैचरी और कोल्ड स्टोर स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने शिमला में मत्स्य पालन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग को मत्स्य उत्पादन की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को प्रदेश भर में नए कोल्ड स्टोर स्थापित करने के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने को कहा। राज्य में मत्स्य उत्पादन बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024–25 में 19 हजार 19 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया, जबकि इस वर्ष अक्तूबर माह तक 7 हजार 7 सौ 73 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ट्राउट मछली उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और राज्य सरकार ट्राउट मछली पालकों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक कॉर्पस फंड स्थापित करेगी।

---

**भाजपा कार्यशाला**

प्रदेश भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज से सोलन जिला के बद्दी में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

---

**पर्यटन निगम–ट्रैवलर सेवा**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने कोकसर और अटल टनल मार्ग से रोहतांग तक सैलानियों को घुमाने के लिए पहली बार ट्रैवलर सेवा शुरू की है। इस नई सेवा के माध्यम से रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों को बर्फ का आनंद उठाने के लिए लगभग दो घंटे का समय दिया जाएगा। दोनों ट्रैवलर सुबह 10 बजे मनाली से रवाना होंगी और शाम लगभग 5 से 6 बजे तक मनाली वापस लौटेंगी।

---

**जनहित याचिका**

प्रदेश में पंचायत चुनाव में देरी का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। उच्च न्यायालय के दो अधिवक्ताओं ने मंगलवार को एक जनहित याचिका दायर कर दी है। इसमें, अनिश्चितकाल तक डिजास्टर ग्राउंड पर चुनाव टालने की सरकार की मंशा को चुनौती दी गई है। मुख्य सचिव ने बीते 8 अक्तूबर को आपदा अधिनियम का हवाला देते हुए आपदा से हालात सामान्य होने के बाद पंचायत चुनाव कराने की बात कही है जिससे पंचायत चुनाव आगे टालने का अंदेशा है। इसे देखते हुए इन अधिवक्ताओं ने याचिका दायर की है।

------------------------------------------------------------

**प्रकाश पर्व**

सिखों के पहले गुरू श्री गुरू नानक देव जी का 5 सौ 56वां प्रकाश पर्व आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी शिमला में भी इस अवसर पर गुरूद्वारों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रकाश पर्व के चलते शहर के सभी गुरूद्वारों को फूलों से सजाया गया है। गुरूद्वारा सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविंदर सिंह ने बताया कि गुरू नानक सिख धर्म के संस्थापक और पहले सिख गुरू थे और उन्होंने लोगों को धर्म व जात के नाम पर लड़ाई न करने और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया था।

------------------------------------------------------------

**मौसम**

हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के बाद प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। राजधानी शिमला सहित राज्य के कुछ स्थानों पर कल देर रात हल्की बारिश का समाचार है। बीती रात मनाली की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात का समाचार है जबकि निचले क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई है जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। किन्नौर में बीती रात बारिश हुई जिससे क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जिले के छितकुल में लगभग दो इंच बर्फबारी दर्ज की गई। बिलासपुर में भी कल रात हल्की वर्षा हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज से प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि दो दिनों के दौरान चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हो सकता है।

------------------------------------------------------------